त्रैमासिक परीक्षा 2023-24

विषय – अर्थशास्त्र (कला एवं वाणिज्य)

कक्षा-12 वी

SET - A

समय:- 03 घण्टे **पूर्णांक :80 अंक**

निर्देश:-

(I) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(II) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सत्य/असत्य 6 , सही जोड़ी 7 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक के प्रश्न होंगे।

(III) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(IV) प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(V) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(VI) प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

1. सही विकल्प चुनकर लिखिए:—

(i) आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक किसे माना है –

अ) कार्ल मार्क्स ब) जे.एम. कीन्स

स) एडम स्मिथ द) अल्फ्रेड मार्शल

(ii) उपयोगिता दृष्टिकोण है –

अ) गणनावाचक ब) क्रमवाचक

स) गणनावाचक एवं क्रमवाचक दोनों द) इनमें से कोई नहीं।

(iii) बजट रेखा के सभी बिन्दु दर्शाते हैं –

अ) कुल व्यय में वृद्धि ब) समान व्यय

स) कुल व्यय में कमी द) इनमें से कोई नहीं

(iv) यदि कॉफी की कीमत में वृद्धि होती है, तो उपभोक्ता कॉफी के बजाय चाय खरीद सकता है। यह कौन सा प्रभाव है ?

अ) कीमत प्रभाव ब) प्रतिस्थापन प्रभाव

स) आय प्रभाव द) इनमें से कोई नहीं

(v) आगत एवं निर्गत के बीच संबंध दर्शाने वाले फलन को कहा जाता है –

अ) उपभोग फलन ब) निवेश फलन

स) उत्पादन फलन द) लागत फलन

(vi) इनमें से कौन सी परिवर्तनशील लागत है –

अ) संपत्ति कर ब) कच्चे माल की लागत

स) ब्याज भुगतान द) उपरोक्त सभी

प्र.2 रिक्त स्थानो की पूर्ति कीजिए :—

(i) ..... साधनों के सर्वोत्तम वैकल्पिक उपयोग की लागत है।

(ii) औसत आगम ..... के बराबर होता है।

(iii) दीर्घकाल में पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में एक फर्म को ..... प्राप्त होता है।

(iv) वस्तु की पूर्ति एवं ..... अवधारणा है।

(v) ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम की मान्यता अनुसार धन की सीमांत उपयोगिता ..... है।

(vi) मांग का नियम एक ..... दृष्टिकोण है।

3 सत्य अथवा असत्य बताइये –

(i) मांग वक्र किसी वस्तु की कीमत और उसकी मांगी जाने वाली मात्रा के बीच व्युत्क्रम संबंध को दर्शाता है।

(ii) एक किसान स्व उपभोग के लिए उत्पादन करता है, यह एक गैर आर्थिक गतिविधि है।

(iii) अल्पकाल वह समयावधि है जिसमें उत्पादन में परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

(iv) निर्गत के शून्य स्तर पर स्थिर लागत शून्य नहीं होती है।

(v) साधनों के घटते प्रतिफल के कारण सीमांत लागत वक्र 'U' आकृति का होता है।

(vi) यदि कुल आगम स्थिर है तो औसत आगम भी स्थिर होगा।

4. सही जोड़ियाँ बनाइये :—

खण्ड (क)	**खण्ड (ख)**
(i) उत्पादन की तकनीक की समस्या	अ) मांग वक्र में दाहिनी ओर परिवर्तन
(ii) मांग में वृद्धि	ब) अविसामान्य लाभ
(iii) भवन का किराया	स) कुल उत्पादन का योग
(iv) कुल उत्पादन	द) परिवर्तनशील साधन
(v) श्रम	इ) लाभ में कमी
(vi) TR>TC	य) क्या उत्पादन किया जाये
(vii) उत्पादन लागत में वृद्धि	र) स्थिर लागत

5. एक शब्द अथवा वाक्य में उत्तर दीजिए –

(i) 'दुर्लभता' वह स्थिति है, जब वस्तु की मांग में निम्नपरिवर्तन होता है।

(ii) उत्पादन संभावना वक्र का आकार कैसा होता है।

(iii) बजट रेखा क्या है।

(iv) उच्च उदासीनता वक्र दर्शाता है।

(v) निम्न कोटि की वस्तुओं का क्या अर्थ है।

(vi) किस समयावधि में उत्पादन के सभी साधन परिवर्तनशील होते है।

(vii) एक फर्म के द्वारा टेलीफोन भुगतान कौन सी लागत है।

6. आदर्शात्मक अर्थशास्त्र से आप क्या समझते है ?

अथवा

सूक्ष्म अर्थशास्त्र किसे कहते है ?

7. किसी अर्थव्यवस्था की उत्पादन संभावनाओं से आप क्या समझते है ?

अथवा

अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याएँ कौन सी है ?

8. बाजार मांग को परिभाषित कीजिए ?

अथवा

मांग के नियम से आप क्या समझते है ?

9. मांग की लोच क्या मापती है ?

अथवा

किसी वस्तु की स्थानापन्न वस्तु की कीमत बढ़ने पर उसकी मांग किस प्रकार प्रभावित होती है?

10. लागत फलन की अवधारणा क्या है ? लिखिए।

अथवा

एक फर्म की स्थिर लागत से क्या अभिप्राय है ?

11. अल्पकाल में सीमांत लागत वक्र एवं औसत लागत वक्र 'U' आकृति के क्यों होते है ?

अथवा

एक फर्म का मांग वक्र क्या है ?

12. पूर्ति की परिभाषा दीजिए।

अथवा

पूर्ति की लोच से आप क्या समझते है ? हम इसे कैसे माप सकते है ?

13. तकनीकी प्रगति किस प्रकार किसी फर्म द्वारा वस्तु की पूर्ति का निर्धारण करती है ?

अथवा

कालाबाजारी को संक्षेप में लिखिए।

14. उत्पादन फलन क्या है ?

अथवा

कीमत रेखा किसे कहते है ?

15. एक दिष्ट अधिमान से आप क्या समझते है ?

अथवा

एकाधिकार की परिभाषा दीजिए।

16. केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था एवं बाजार अर्थव्यवस्था में अंतर कीजिए।

अथवा

सीमांत उत्पादन ह्रास नियम क्या है ?

17. एक पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में लाभ अधिकतमीकरण फर्म की सकारात्मक उत्पादन करने की क्या शर्तें है ?

अथवा

वस्तुओं की मांग पर आय में वृद्धि के प्रभाव की व्याख्या करें। (रेखाचित्र का उपयोग करें।)

18. पूरक एवं प्रतिस्थानापन्न वस्तुएँ क्या होती है ? उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

मांग की कीमत लोच को निर्धारित करने वाले तत्व कौन से है ? लिखिए।

19. पैमाने के प्रतिफल को परिभाषित कीजिए।

अथवा

अल्पकाल एवं दीर्घकाल की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

20. व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र में अंतर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

क्या दीर्घकाल में स्थिर लागत हो सकती है ? यदि नहीं तो क्यों ?

21. पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाजार में मजदूरी दर का निर्धारण कैसे होता है ? रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

अथवा

रेखाचित्र की सहायता से कुल स्थिर लागत, एवं औसत स्थिर लागत की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

22. अर्थशास्त्र एक सकारात्मक विज्ञान कैसे है ?

अथवा

“एक घाटे में चल रही फर्म की पूर्ति बेलोचदार होती है।” क्या आप कथन से सहमत है ? यदि हाँ तो क्यों ?

23. रेखाचित्र की सहायता से पूर्ति की कीमत लोच के विभिन्न रूपों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

पूर्ण प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत उत्पादक के संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए।